भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
15.12.2021 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2954 का उत्तर

बिलासपुर-लेह रेलवे लाइन

2954. श्री किशन कपूर:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) हिमाचल प्रदेश में रेल लाइन विस्तार के अंतर्गत बिलासपुर-लेह रेलवे लाइन का निर्माण कब तक शुरू हो जाने की संभावना है;
(ख) उक्त कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है;
(ग) क्या पठानकोट-जोगिन्दर नगर रेल मार्ग को उक्त रेल लाइन से जोड़ने संबंधी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): बिलासपुर-लेह (490 किमी.) नई लाइन की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए अंतिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण शुरू कर दिया गया है।

(ग) और (घ): जोगिन्दर नगर-मंडी (57 किमी.) नई लाइन के लिए सर्वेक्षण 2020-21 में पूरा कर लिया गया था। वित्तीय रूप से अलाभकर होने के कारण इस परियोजना को आगे नहीं बढ़ाया जा सका।

****